an>

Title: Need to enquire the increasing incidents of exploitation of women in Tripura.

श्री गणेश सिंह (सतना) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से संसद का तथा देश के माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान पूर्वोत्तर के एक छोटे से राज्य त्रिपुरा में लगातार हो रहे नारी उत्पीड़न बलात्कार यौन शोषण की ओर दिलाना चाहता हूं।

महोदया, त्रिपुरा राज्य में अभी हाल ही में घटित एक दर्दनाक एवं अतिनिंदनीय घटना हुई, जिसमें साढ़े पांच वर्ष की नाबालिग शिशु रूपी कन्या का यौन शोषण 27 नवम्बर 2015 को वहां की रूलिंग पार्टी सीपीआई के एक विधायक ने पार्टी कार्यालय के भीतर किया। वहां की सरकार ने उस मामले पर आज तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। त्रिपुरा में यह कोई अकेली घटना नहीं है, पहले भी कई घटनाएं हुई हैं और इसी पार्टी के कुछ नेताओं को पार्टी ने अलग भी किया। पूर्व में पार्टी के मंत्री*â€¦* *

माननीय अध्यक्ष : आप किसी का नाम मत लीजिए।

श्री गणेश सिंह : तीन-चार ऐसे नाम हैं, जिनका मैं यहां उल्लेख नहीं कर रहा हूं, उनके खिलाफ पार्टी ने भी कार्रवाई की थी। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से यह मांग करता हूं कि चूंकि वहां लगातार घटनाएं हो रही हैं, इसलिए केन्द्र की ओर से एक दल गठित करके भेजा जाए, उसकी जांच करवायी जाए और जो पीड़िता है, उसके साथ न्याय हो और दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

श्री कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

बाकी के जीरो ऑवर के मैटर शाम को लिए जाएंगे। The House stands adjourned to meet again at 2.00 p.m.

12.59 hours

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.

14.05 hours

The Lok Sabha re-assembled at Five Minutes past

Fourteen of the Clock.

(Hon. Deputy Speaker *in the Chair*)